06 जिले में सीएम राइज स्कूल भवन पूर्णता की ओर...



07 आबादी क्षेत्र से कंस्ट्रक्शन कंपनी का सीपी 30...



## 30 जून तक 100 बंदियों को प्रशिक्षण दिलाना सुनिश्चित किया जाए : कलेक्टर

# जेल से रिहा होने वाले बंदी अब नहीं होंगे बेरोजगार, मिलेगा प्रशिक्षण

**जेल में बंद वे बंदी जो आगामी माहो में रिहा होने वाले हैं उन्हें रोजगार उन्मुख प्रशिक्षण दिलाया जाए, साथ ही 30 जून तक लगभग 100 बंदियों को ट्रेनिंग देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जाए। जब बंदी रिहा होकर घर जाएंगे तब उनके पास एक हुनर होगा। अपने हुनर के बल पर बंदी छोटा-मोटा स्वरोजगार एवं व्यवसाय कर सकेंगे। उक्त निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना ने जिला जेल के अधिकारियों को दिए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अब जेल से रिहा होने के बाद बंदियों को रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। जिला प्रशासन ने आगामी माह में बंदियों को स्वरोजगार स्थापित कराने के लिए प्रशिक्षण देने की कवायद शुरू करने का फैसला लिया है। कलेक्टर सोनिया मीना ने जिला जेल अधिकारियों की बैठक में उक्त निर्देश दिए हैं। बैठक में जेल अधीक्षक, प्रबंधक आर सिटी रश्मि गुप्ता, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग कैलाश माल, सहायक संचालक



अन्य पिछड़ा वर्ग अनुराधा सकवार, एलडीएम सहित संबंधित अधिकारी गण मौजूद थे।

### बंदियों को हुनरमंद बनाएं

कलेक्टर ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए की बंदियो को सिलाई, कृषि, इलेक्ट्रीशियन डेरी, फाइल फोल्डर, पोल्ट्री, फर्नीचर रिपेयरिंग, कारपेंटर, टेक्नीशियन जैसे रोजगार उन्मुख प्रशिक्षण दिया जाना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण प्राप्त बंदी जब बाहर जाएंगे तब जेल प्रशासन के पास यह गर्व का विषय होगा कि उन्होंने बंदियों को हुनरमंद बनाया है।

### अभी तक 41 बंदियों को मिला प्रशिक्षण

जेल अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान में जिले के 41 बंदियों को विभिन्न रोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण दिया गया है। प्रारंभिक चरण में 450 बंदियो को चिन्हित किया गया है जिन्हें आगामी दिनों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। पुरुष बंदियो के अलावा महिला बंदियो को भी स्वरोजगार प्रशिक्षण के लिए चिन्हित किया जा रहा है। बताया गया कि डेयरी का प्रशिक्षण 10 दिन का, सिलाई का प्रशिक्षण 30 दिन एवं इलेक्ट्रीशियन का प्रशिक्षण 30 दिन चलता है। कलेक्टर ने निर्देश दिए की साल के अंत तक लगभग 500 बंदियो को विभिन्न रोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण दिया लाया जाना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि जो बंदी आगामी माह में रिहा होने वाले हैं उन्हें ट्रेनिंग दें, जब वह रिहा होकर समाज के बीच जाएंगे तो समाज को भी एक मैसेज मिलेगा कि बंदियो के पास काम करने का स्केल है।

### स्वरोजगार योजना से जोड़ें

कलेक्टर ने स्वरोजगार योजनाएं संचालित करने वाले विभागों को निर्देश दिए की वे बंदियो के रिहा होने के बाद उन्हे स्वरोजगार योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित करें। कलेक्टर ने कहा कि आगामी 6 महीने में जो बंदी रिहा हो रहे हैं उन सबका प्रशिक्षण आरसेटी के माध्यम से कराया जाए। ट्रेनिंग प्राप्त बंदियो का डाटा भी दिया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि आगामी दिनों में 100 बंदी पूरी तरह ट्रेंड हो जाए। उनके लोन के प्रकरण एलडीएम स्वरोजगार हेतु बैंक से स्वीकृत करें और उन्हें प्राथमिकता से लोन दिलाना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने कहा कि इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दिया जाए। बताया गया कि अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के लिए संचालित योजनाओं में 1 लाख से 1 करोड़ रुपए तक की योजनाएं हैं। वहीं उधम क्रांति स्वरोजगार योजना आदि में 10 हजार से लेकर 5 लाख तक का सब्सिडी सहित लोन दिया जाता है। बताया गया कि मछली पालन विभाग एवं पशुपालन विभाग में भी स्वरोजगार के लिए हितग्राहियों को ऋण दिया जाता है।

### आधार कार्ड बनाने के लिए शिविर

जेल अधीक्षक ने बताया कि जेल में बंद कुछ बंदियो के पास आधार कार्ड नहीं है। इस बात को तत्काल संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत को निर्देश दिए कि वह जेल में आधार कार्ड बनाने के लिए एक शिविर का आयोजन करें और जिले के जिन बंदियो के पास आधार कार्ड नहीं है उनके मतदाता परिचय पत्र एवं अन्य डॉक्यूमेंट के आधार पर प्राथमिकता से आधार कार्ड बनाएं। कलेक्टर ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिए की जेल में बंद महिला बंदियो को जेल के अंदर महिलाओं के बीच महिला स्व सहायता समूह का गठन करें।

# युवती से बात करने से नाराज 3 आरोपियों ने युवक को डिस्क केबल से पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम शहर के आदर्श नगर निवासी युवक अजय कहार की मोहल्ले के तीन युवकों ने बेहरमी से मारपीट की। अजय कहार को तीनों युवकों ने पहले आनंदनगर के पास से ले गए और उसके साथ मारपीट की। साथ ही उसका वीडियो भी बना लिया। युवकों ने धमकी दी कि यदि पुलिस को बताया तो वीडियो वायरल करेंगे और मारपीट करेंगे। युवक वहां से जैसे-तैसे आरोपियों के चुंगल से छूटा और घर गया। घर पर परिजनों को पूरी बात बताई। इसके बाद उन्होंने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपी अभी फरार हैं। तीनों आरोपियों ने युवक को इतना



पीटा कि उसकी पीठ लाल हो गई और केबल के निशान पीठ पर उभर आए। पूरी पीठ पर खून जम गया। मारपीट का कारण किसी युवती से अजय कहार की बातचीत करने को लेकर हुआ था। एसडीओपी पराग सैनी ने बताया कि फरियादी अजय कहार की रिपोर्ट पर उसके बताए आरोपी सूरज कुमार, शिवा भंडारी और सौरभ के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज हुआ है। आरोपी अभी गिरफ्तार नहीं हुए है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं अजय कहार ने बताया कि तीनों ने मुझे आधे घंटे तक डिस्क की केबल से पीटा है।

### यह है पूरा मामला

अजय मजदूरी करता है। वह आदर्श नगर से सतरस्ते जा रहा था। सांई नाथ एसटीडी के पास पहले उसके मोहल्ले में रहने वाले सूरज, शिवा और सौरभ उसे मिल गए। उन्होंने लड़की से बात करने को लेकर विवाद किया। फिर उसे सुनसान जगह में लेकर केबल से पूरी तरह मारपीट कर दी, फरियादी ने कहा था कि वह बात नहीं करेगा, लेकिन आरोपी नहीं माने उसकी जमकर पिटाई की जिससे उसे काफी चोटें आई हैं।

**विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट का फैसला**

# नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को तीन वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट, नर्मदापुरम के न्यायालय ने नाबालिग युवती के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी को तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। शासन की ओर से पैरवी जिला अभियोजन अधिकारी राजकुमार नेमा ने की।

जिला अभियोजन अधिकारी ने बताया कि घटना 18 जुलाई 2020 की है। इस दौरान आरोपी पर्वत सिंह ने नाबालिग के घर में घुसकर छेड़छाड़ की थी। जिसकी रिपोर्ट अभियोक्त्री ने थाना सिवनी मालवा में लेख कराई।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अपराध पंजीबद्ध किया और संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं कुल 2 हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक लखन सिंह भवेदी, जिला-नर्मदापुरम द्वारा पैरवी की गई।

### मां पीतांबरा जयंती पर आज होगी आराधना



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बुधवार को नर्सिंग गली शास्त्री वार्ड पीतांबरा दरबार में मां बगलामुखी पीतांबरा जयंती मनाई जाएगी। मंदिर से जुड़े अरविंद शास्त्री ने बताया कि मां की जयंती के पावन अवसर पर मां का विशेष श्रिंगार पूजन पाठ हवन कन्या पूजन भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। सभी श्रद्धालु मां का दर्शन लाभ लें।

# लोस चुनाव की मतगणना: स्ट्रांग रूम निगरानी के लिए दल गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 26 अप्रैल को मतदान संपन्न होने के उपरांत जिले की चारों विधानसभा खंड क्रमांक 136 सिवनी मालवा 137 होशंगाबाद 138 सोहागपुर एवं 139 पिपरिया के मतदान दलों की सामग्री शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम में स्थापित स्ट्रांग रूम के नियंत्रण कक्ष में 24 घंटे सक्रिय निगरानी के अंदर रखी हुई है। स्ट्रांग रूम की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही है। नियंत्रण कक्ष एवं स्ट्रांग रूम में स्थापित सीसीटीवी कैमरा की स्क्रीन की सतत निगरानी किए जाने के लिए मतगणना दिनांक तक तीन दलों की ड्यूटी लगाई गई है।

दल क्रं. 1 में विकासखंड शिक्षा अधिकारी उदयभान ठाकुर, सहायक प्राध्यापक शा. गृह विज्ञान महाविद्यालय प्रेमकांत कटंगकार, प्रशिक्षण अधिकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम जनिक मरकाम, प्रशिक्षण अधिकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अनिल देशमुख, सीसीटीव्ही सर्विस वेण्डर द्वारा नियुक्त रविशंकर मीना, भृत्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम अनिल गेहरा, प्राध्यापक, शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय श्रीकांत दुबे की ड्यूटी लगाई जाती है। उपरोक्त दल कर्मचारी 15 मई से 21 मई तक प्रातः 8 बजे दोपहर 4 बजे तक। इसी प्रकार 22 मई से 28 मई तक रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक एवं 29 मई से 4 जून तक दोपहर 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक ड्यूटी करेंगे। दल क्रमांक 2 में सहायक यंत्री, जनपद पंचायत, नर्मदापुरम राकेश शर्मा, शा.नर्मदा महाविद्यालय के सुनील कुमार दिवाकर, प्रशिक्षण अधिकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम अशोक उईके, प्रशिक्षण अधिकारी, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नर्मदापुरम नदीम अहमद, सीसीटीव्ही सर्विस सेमरी वेण्डर द्वारा नियुक्त रामस्वरूप कुशवाह, भृत्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम अशोक केवट, प्राध्यापक शा. गृह विज्ञान महाविद्यालय विनीत अग्रवाल की ड्यूटी लगाई जाती है। उपरोक्त दल कर्मचारी 15 मई से 21 मई तक दोपहर 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक।

इसी प्रकार 22 मई से 28 मई तक प्रातः 8 बजे से दोप. 4 बजे तक एवं 29 मई से 4 जून तक रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक ड्यूटी करेंगे। दल क्रं. 3 में सहायक यंत्री, कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा हरिप्रसाद बिलथरे, सहायक प्राध्यापक शा. नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम डॉ महेश मानकर, प्रशिक्षण अधिकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम अरुण गौर, प्रशिक्षण अधिकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम संजय टेकाम, सीसीटीव्ही सर्विस सेमरी वेण्डर द्वारा नियुक्त दिलीप कुमार कुशवाहा, भृत्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम चितरंजन जाट, प्राध्यापक शा नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम डॉ. कमल वाधवा की ड्यूटी लगाई जाती है। उपरोक्त दल कर्मचारी 15 मई से 21 मई तक रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक। इसी प्रकार 22 मई से 28 मई तक दोपहर 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक एवं 29 मई से 4 जून तक प्रातः 8 बजे से दोपहर 4 बजे तक ड्यूटी करेंगे।

# लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दोषी को 10 वर्ष का कठोर कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आरक्षी केन्द्र थाना कोतवाली जिला नर्मदापुरम के अपराध कमांक 724/2021 अंतर्गत धारा 452 घारा 394 सहपठित धारा 34 एवं धारा 120बी सहपठित धारा 34 एवं धारा 25 (1-ख) (ख) आयुध अधिनियम के आधार पर पंजीबद्ध सत्र प्रकरण क्रमांक 21/2022 शासन विरुद्ध विक्की पासी पुत्र लक्ष्मीनारायण पासी एवं अन्य एक निवासी ग्राम रायपुर थाना देहात नर्मदापुरम में न्यायालय सेशन न्यायाधीश नर्मदापुरम द्वारा दिनांक 14 मई 2024 को निर्णय पारित किया गया। जिसमें अभियुक्त विक्की पासी पुत्र लक्ष्मीनारायण पासी को धारा 394 भादंसं के अंतर्गत अपराध के लिए दस वर्ष की अवधि के कठोर कारावास और बीस हजार रूपये अर्थदंड तथा अर्थदंड अदायगी में व्यतिक्रम पर एक वर्ष के अतिरिक्त कठोर कारावास एवं धारा 452 भादंसं के अंतर्गत अपराध के लिए तीन वर्ष के कठोर कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदंड तथा अर्थदंड अदायगी में व्यतिकम पर छः माह के अतिरिक्त कठोर कारावास से दंडित किया गया। दो अन्य आरोपी जिनमें आरोपी इरफान को कम आयु का होने से उसके विरूद्ध किशोर न्याय बोर्ड में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया जाना कहा गया एवं अन्य आरोपी सुनील केवट को उस पर लगाए गए सभी धारा 452, 394 सहपठित धारा 34 120बी भादंसं एवं धारा 25 (1-ख) (ख) आयुध अधिनियम के अपराध के आरोपों से दोषमुक्त किया गया।

प्रकरण अभियोजन की तरफ से पैरवी शैलेन्द्र कुमार गौर, लोक अभियोजक द्वारा की गई। घटना इस प्रकार है कि फरियादी लली झा आईटीआई रोड, नर्मदा नगर नर्मदापुरम में अपने घर में 26 अक्टूबर 2021 को दोपहर करीब डेढ बजे अपने बेडरूम में लेटी थी तथा उसके पति हरनाम सिंह बैंक के काम से दस मिनिट में आने का बोलकर मेन गेट अटकाकर बाहर चले गए थे। तब किसी ने ज़ब फरियादी का कंबल हटाया तो उसने देखा कि दो लडके जिनके मुंह बंधे थे उनमें से एक लड़के ने रिवाल्वर बंदूक निकाली और उसका मुंह दबाकर उसके साथ मारपीट करने लगा और बोला कि सामान कहा है, तो उसने अलमारी में होना बताया तभी उनमें से एक लडका उसको थप्पड मारता रहा और दूसरे लडके ने अलमारी से सामान निकाला। फरियादी ने छूटने की कोशिश की तो उसके कान का सोने का झुमका और मंगलसूत्र, खीच लिये। जिससे झुमका उसके कान में अटक गया और कान से खून निकलने लगा उसने भाग कर गेट खोला और बाहर जाकर चिल्लाई तो वें दोनो लड़के पीछे से भाग गए। चिल्लाने पर मोहल्ले के लोग आ गए तथा पुलिस बुलवाई अलमारी चेक की तो उसके सोने के कंगन और दस हजार रूपये नहीं मिले। घटनास्थल पर पुलिस को घटना बताई तथा देहाती नालसी लेखबद्ध की गई। उक्त लिखित रिपोर्ट के आधार पर थाना कोतवाली नर्मदापुरम में अज्ञात के विरूद्ध अपराध क्रमांक 724/21 अपराध धारा 552,394,34 भादसं का पंजीबद्ध किया गया। जिसका विचारण सेशन न्यायालय के समक्ष किया गया।

# कुल्हाड़ी से युवक पर प्राण घातक हमला, मामला दर्ज

**हमलावर को ग्रामीणों ने पकड़ा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



पथरोटा के अंतर्गत आने वाले गांव खोरीपुरा में एक ग्रामीण ने दूसरे पर सोमवार रात करीब 8 बजे कुल्हाड़ी से प्राण घातक हमला कर दिया। उसकी पीठ में गहरा जख्म हो गया तथा शरीर से काफी मात्रा में खून भी बह गया।

ग्रामीणों ने हमलावर को पकड़कर पहले उसके साथ मारपीट की फिर पुलिस के हवाले कर दिया और घायल को एक निजी वाहन से सरकारी अस्पताल इटारसी में उपचार के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार ग्राम खोरीपुरा में हैंडपंप के पास रात 8:10 बजे हरी कासदे पिता खेमचंद 32 वर्ष ने शिवरतन कासदे पिता बिसन कासदे 30 वर्ष पर कुल्हाड़ी से गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हमला कर दिया। इधर आरोपी हरिराम कासदे ने भी शिकायत दर्ज करायी है कि टुक्कू बाबरिया पिता हजारीलाल बाबरिया निवासी खटामा और विक्की चिमानिया पिता आनंद चिमानिया ने उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी और उसके साथ मारपीट की है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर दोनों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

**तालनगरी में आयोजित रामकथा में बोले संत सीताराम दास महाराज**

# भक्ति का आश्रय लेकर आए काम से हारना धर्म है

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम सिद्ध तपोवन विजय हनुमान मंदिर गौ संत सेवा आश्रम माँ नर्मदा घाट ग्राम तालनगरी में चल रहे श्री सीताराम महायज्ञ एवं श्री राम कथा के पंचम दिवस पर कथा व्यास संत सीताराम दास महाराज जी ने पुष्प वाटिका एवं धनुष यज्ञ की कथा को सुनाया और पुष्प वाटिका का प्रसंग में महाराज जी ने कहा कि काम ने राम को जीत लिया महाराज जी ने बताया जो काम श्रुति यानी वेद सम्मत भक्ति का आश्रय लेकर के जीवन में आए तो उस काम के सामने तो हार जाना धर्म है। कंकन किंकिन नूपुर धुनी सुनी, कहत लखन सन राम हृदय गुनी। मानहुँ मदन दुंदुभी दिन्हा, मनषा विश्व विजय चह किन्हा। सीता जी के कानों के किनकिन हाथों के कंगन एवं चरणों




के नूपुर की आवाज सुनकर के मर्यादा पुरुषोत्तम राम जी ने अपने छोटे अनुज लक्ष्मण जी से कहा कि भैया यह तो कामदेव की नगाड़े की आवाज है मुझे जीतकर के कामदेव ने मानो संपूर्ण विश्व पर विजय प्राप्त करना चाहता है लक्ष्मण जी मौन होकर के सुनते रहे कुछ नहीं कहा मौनं सुकृति लक्ष्मणम के आधार पर मानो उन्होंने कह दिया कि भैया आप सर्वत्र विजय प्राप्त करने वाले हैं यह कामदेव को भी आप जीत सकते हैं परंतु यह कामदेव श्री जानकी जी के कानों के कुंडल हाथों के कंगन और चरणों का स्पर्श करके आ रहा है इसलिए यहां हार जाना ही अच्छा है आश्रम के महंत बाल योगी संत श्री कन्हैया दास जी महाराज भारत व विश्व सुख शांति समृद्धि समरसता हेतु यह आयोजन समस्त क्षेत्रवासियों को सहयोग से संपन्न करा रहे हैं सीताराम महायज्ञ अयोध्या से आए आचार्य श्री नंदगोपालाचार्य जी महाराज के द्वारा श्री सीताराम महायज्ञ में प्रतिदिन आवाहित देवताओं का पूजन एवं हवन कार्य वैदिक विधि विधान से संपन्न कराया जा रहा है और प्रतिदिन मां नर्मदा जी की शाम 7:00 बजे महा आरती की जाती है यज्ञ की परिक्रमा एवं श्री राम कथा सुनने के लिए नर्मदा पुरम जिले के आसपास के अधिक संख्या में लोग उपस्थित हो रहे हैं इस पुण्य अवसर पर पंडित भागचंद तिवारी भागवताचार्य पं अनिल मिश्रा आचार्य सुरेश शर्मा पं श्याम दुबे सुरेश वर्मा बलवंत सिंह चौहान सुरेश पटेल अनिल दुबे मनमोहन यादव अशोक यादव दौलत राम कीर नरेश धुर्वे मुकेश पटेल पं कुलदीप पाठक पं कृष्ण कुमार परसाई शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के अनेक ग्रामों के लोग उपस्थित हो रहे हैं यह आयोजन 18 मई 2024 को यज्ञ एवं श्री राम कथा का पूर्ण आहुति और विशाल भंडारे के साथ समापन किया जाएगा

# 'किस्सागोई' रामचरित मानस ने दिलाई नौकरी, संकटमोचन बनी कविता: गुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदांचल के सुप्रसिद्ध रचनाकार कवि पंडित गिरीमोहन गुरु के आत्मकथ्य पर आधारित नर्मदापुरम कला जगत का लोकप्रिय कार्यक्रम 'किस्सागोई' हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित श्रीसेवाश्रम नर्मदा मंदिर परिसर में आयोजित किया गया।

पंडित गिरीमोहन गुरु ने अपने जीवन से जुड़े विभिन्न किस्से-संस्मरण काव्यात्मक शैली में अनौपचारिक ढंग से सुनाए। इस गरिमामयी सफल कार्यक्रम के सूत्रधार रहे राकेश दुबे। संस्था अध्यक्ष डॉ. संतोष व्यास ने कार्यक्रम के आरम्भ में किस्सागोई के महत्त्व को प्रतिपादित किया। कार्यक्रम के सारस्वत अतिथि पूर्व जिपं अध्यक्ष भवानी शंकर शर्मा, पूर्व विधायक गिरिजा शंकर शर्मा, उमाशंकर श्रोती, जगदीश वाजपेई, ओमप्रकाश शर्मा, डॉ. नर्मदा प्रसाद सिसौदिया, शास्त्री नित्य गोपाल कटारे, बाबूलाल कदम, दीपाली शर्मा, राममोहन परसाई, सुभाष यादव 'भारती', खेमचंद यादवेश, मधुसूदन शर्मा, सुषमा चौबे, सविता व्यास,



अखिलेश पाठक, डॉ. दिनेश श्रीवास्तव, महेश मूलचंदानी, रामसेवक शर्मा, महेश बसेड़िया, बलराम शर्मा, शिव दीक्षित, डॉ. हरिओम दीक्षित, सईद कुरेशी, सुनील चौरे, कीर्ति वर्मा, सीमा दुबे, स्वर्णलता छेनिया, आरती शर्मा, श्रीराम परसाई, आनंद नामदेव, रत्नेश साहू, राजीव दुबे, सुखदेव भार्गव, लखनलाल दुबे, गुरप्रीत कौर सिंह, सोनाली साहू , प्रतीक द्विवेदी सहित साहित्य, संगीत, नाट्य कला क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत मनोज परसाई, डॉ. राजपाल सिंह चड्ढा, सुनील चौरे, स्वप्निल छेनिया ने किया। संस्था सचिव डॉ. नमन तिवारी ने संगठन द्वारा संचालित विभिन्न कार्यों का संक्षिप्त विवरण दिया।

## खबर संक्षेप

### हाई स्कूल का मैदान बचा रहे सीएम राइज स्कूल भी बन जाना चाहिए

**शाहपुर।** नगर के लोगों की विचारधारा है कि यह मैदान उनके लिए कितना आवश्यक है। उनका कहना है यह है कि यह हर परिवार की हर मानव की जरूरत का एकमात्र केंद्र हाई स्कूल ग्राउंड शाहपुर है। इस बारे में शाहपुर नगर के कुछ लोगों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए हैं। सभी का कहना है कि ग्राउंड भी सुरक्षित रहे और सीएम राइज स्कूल का निर्माण भी व्यवस्थित रूप से हो। सीएम राइज स्कूल यह बरसों पुरानी धरोहर हाई स्कूल ग्राउंड भी जैसा का वैसा ही बना रहे। दोनों ही शाहपुर के लिए गर्व की बात है। नगर वासियों का कहना है कि ग्राउंड को सुरक्षित रखते हुए और जो आसपास की भूमि है। जिसमें पेड़ लगे हैं। जहां बाजार लगता है। और शासकीय भूमि तहसील कार्यालय से विधिवत पता करके और सीएम राइज स्कूल की बिल्डिंग का निर्माण भी कराया जाए। नगर के वरिष्ठ रिटायर्ड डिप्टी रेंजर शंकर लाल चौरसिया लगभग 35 वर्षों से ग्राउंड पर योगा करने के लिए प्रतिदिन आते हैं। उन्होंने कहा कि 2000 में वह रिटायर हुए थे और 2024 आ गया है 24 वर्षों से इसी ग्राउंड में घूमने फिरने और योगा करने से उनका शरीर इस बड़ी आयु में भी स्वस्थ और सुरक्षित है। इसी समय उपस्थित योगा करने आए अभय जैन रामू भाई साहब और योग गुरु संतोष राठौड़ और अखबार का वितरण करने वाले नवनीत मिश्रा ने भी अपने-अपने अनुभव और विचार साझा किए।

### अरुण खंडाईत रेप के आरोप से दोषमुक्त

**भैंसदेही।** अतिरिक्त सत्र न्यायालय के न्यायाधीश राकेश पाटीदार द्वारा पारित आदेश में बलात्कार के आरोपी अरुण खंडाईत पिता हेमराज खंडाईत निवासी चिचोलीढाना भैंसदेही को दोषमुक्त कर दिया। वर्ष 2020 से विचाराधीन इस मामले में आरोपी जमानत पर था। मामला भैंसदेही थाना क्षेत्र गुप्तवाडा के जंगल का है, जहां एक युवती ने आरोपी अरूण खंडाईत निवासी चिचोलीढाना के विरूद्ध थाना भैंसदेही में अपने साथ हुई जबरदस्ती की घटना की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में युवती ने बताया कि 18 मार्च 2020 को गुपतवाड़ा के जंगल में डेम पर मजदूरी करने गई थी। दोपहर करीब ढाई-तीन बजे युवती डेम से वापस घर आ रही थी, तभी अचानक अरूण खंडाईत ने पीछे से आकर पकड़ लिया और नाले की तरफ ले गया। युवती ने चिल्लाने की कोशिश की, लेकिन अरूण ने मुंह दबा दिया और युवती की इच्छा के विरूद्ध बलात्कार किया। युवती ने रिपोर्ट करने का कहने पर आरोपी ने धमकी दिया। घटना की जानकारी युवती ने अपनी माँ को बताई। फिर थाना भैंसदेही आकर रिपोर्ट दर्ज करई। इस मामले में न्यायालय द्वारा संज्ञान लेते हुए मामले के गवाहों को तलब कर उनका परीक्षण प्रति परीक्षण कराया। आरोपी पक्ष के अधिवक्ता द्वारा अपने बचाव में तर्क प्रस्तुत किए गए।

### 42 करोड़ रुपए की लागत से बनने भवन की अब तक नींव नहीं रखी

# जिले में सीएम राइज स्कूल भवन पूर्णता की ओर, मुलताई में कब होगा निर्माण






**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई**

पवित्र नगरी मुलताई जिले की सबसे महत्वपूर्ण एवं सबसे प्राचीन तहसील है किंतु इस क्षेत्र का दुर्भाग्य देखे मुलताई क्षेत्र संपूर्ण प्रदेश में चलने वाली योजनाओं का लाभ मिलने में भी छोटी-छोटी तहसीलों से पीछे है। इसका उदाहरण है विद्यार्थियों को बेहतर और आधुनिक सुविधा के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के उद्देश्य से बनाई गई सीएम राइज योजना है। संपूर्ण जिले में जहां सीएम राइज विद्यालय के आधुनिक शाला भवनों का निर्माण हो चुका है या पूर्ण होने की कगार पर है वही मुलताई नगर के लिए 42 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले आधुनिक सीएम राइज विद्यालय भवन की अब तक नीव रखना तो दूर टेंडर प्रक्रिया तक पूर्ण हुई या नहीं हुई इसको लेकर भी कोई ठोस जानकारी नहीं है । जबकि जिले के बैतूल बाजार में सीएम राइज विद्यालय का शाला भवन लगभग पूर्णता की ओर है दिसंबर में नव निर्मित आधुनिक भवन विद्यालय के सपूरत कर दिया जाएगा। आमला का भी शाला भवन 50% बन चुका है। फिर बड़ा सवाल यही है कि मुलताई को लेकर ही यह सौतेला व्यवहार क्यों...

#### इनका कहना है

सीएम राइज विद्यालय के आधुनिक शाला भवन निर्माण की टेंडर प्रक्रिया लोकसभा चुनाव के पहले पुरी हो चुकी है और आचार संहिता समाप्ति के बाद कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

**चंद्रशेखर देशमुख**
भाजपा विधायक मुलताई विधानसभा

टेंडर होने के संबंध में कोई विभागीय पत्र नहीं मिला है किंतु सीआईयु विभाग के एसडीओ ने चुनाव के 20 दिन पहले चर्चा में टेंडर होने की बात कही थी।

**संदीप गणेशे**
प्रभारी प्राचार्य सीएम राइज विद्यालय मुलताई

#### दो साल बाद मिल सकी थी प्रशासनिक स्वीकृति

*मुलताई उत्कृष्ट विद्यालय का चयन सीएम राइज विद्यालय के लिए प्रदेश के अन्य 274 सीएम राइज विद्यालय के साथ ही हुआ था। किंतु प्रदेश में जहां पहला सीएम राइज आधुनिक भवन का कार्य शाहजहांपुर जिले के गुलाना में पूर्ण होकर 5 जुलाई 2023 आरंभ हो गया। बैतूल जिले के बैतूल बाजार , आमला में भी कार्य लगभग पूर्ण होने को है वही मुलताई भवन की शासकीय स्वीकृति ही दो साल बाद हुई है। 6 महापूर्व जब भवन के शासकीय स्वीकृति प्राप्त होने की जानकारी मिली तो यह माना जा रहा था कि अब शीघ्र भवन निर्माण हो सकेगा किंतु 6 माह में भी भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका।*

### केवि का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत

## अपूर्वा रघुवंशी ने सीबीएसई 12वीं में प्राप्त किए 93% अंक









**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोरदेही**

बोरदेही क्षेत्र के ग्राम हथनोरा निवासी आरडी पब्लिक स्कूल बैतूल की छात्रा अपूर्वा पिता भगवन्त सिंह रघुवंशी ने कक्षा 12वीं सीबीएसई परीक्षा में आर्ट संकाय मे 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आर्ट विषय में जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है वही मुलताई केंद्रीय विद्यालय नेशनल शिक्षा प्रणाली बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम100% प्रतिशत रहा।केन्द्रीय विद्यालय विद्यालय की छात्रा लावण्या डहारे ने कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में 93.2 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय की टॉपर बनी, तनिष्का पानकर ने 90.4 एवम जयति हारोडे ने 89.8% अंक प्राप्त किए। कक्षा 10 में कुल 38 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए जिनमें से सभी 38 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए तथा कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 100% प्रतिशत रहा।

#### आईएएस बनना चाहती है अपूर्वा

*12वीं बोर्ड परीक्षा में 93% अंक प्राप्त करने वाली छात्रा अपूर्वा के पिता भगवंत सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि अपूर्वा आईएएस बनना चाहती है। अपूर्वा की उपलब्धि से संपूर्ण ग्राम में उत्साह का माहौल है और परिवार को बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है। अपूर्वा बताती है कि उपलब्धि के पीछे माता पिता एवं टीचर के मार्गदर्शन की एहम भुमिका रही है। मोरखा रघुवंशी समाज के किशन सिंह रघुवंशी ने बताया कि प्रतिभावान बच्चों का कठिन परिश्रम का फल हमेशा वैभव की ओर ही जाता है हथनोरा निवासी ईश्वर सिंह पटेल की नातिन व भग्गू सिंह पटेल की सुपुत्री बिटिया अपूर्वा ने 12 वीं सीबीएससी परीक्षा में आर्ट विषय से 93% विशेष उपलब्धि लेकर परिवार व समाज का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धी पर समूचे रघुवंशी समाज ने उत्तीर्ण अपूर्वा को बधाईयां व शुभकामनाएं दी है। इसी के साथ अपूर्वा को स्कूल के टीचर स्टाफ इष्ट मित्रो एवं परिवारजनो ने मिठाई खिलाकर बहुत बहुत बधाइयां व शुभकामनाएं प्रेरित की है।*

## चोरों ने किसान के घर से 13 लाख के जेवरात व 3 लाख नकद चुराए, सोते रह घर के लोग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**

जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के भौंरा के पास बानाबेहडा में एक किसान के घर हुई सेंधमारी में चोर करीब 13 लाख के जेवरात और साढ़े 3 लाख रुपए की नकदी लेकर फरार हो गए। घटना 11-12 मई की दरम्यानी रात की है। रविवार रात को इसकी एफआईआर दर्ज की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरों ने प्रदीप मालवीय के घर दरवाजे में गिरमिट से होल किया और एल्ड्रॉप खोलकर घर के अंदर घुस गए। घर की दो आलमारी तोड़ी, जेवरात और नकदी पर ले गए।

प्रदीप मालवीय ने बताया की वे और उनकी पत्नी, बच्चे एक कमरे में सोए हुए थे। कमरे में कूलर चल रहा था, इसलिए घटना की कोई आवाज नहीं आई। रात करीब 2 बजे उनकी नींद खुली तो उन्होंने अपने कमरे का दरवाजा बंद पाया। उन्होंने जाकर देखा तो वह दरवाजा बाहर से बंद था, जिसे एक टॉवेल से बांध दिया गया था। उन्होंने गैलरी से जाकर देखा तो घर में चोरी हो चुकी थी। आशंका है कि चोरों ने 12.30 बजे रात से डेढ़ बजे के बीच घटना को अंजाम दिया हो। उन्होंने आलमारी में रखे उनके और उनकी माता के पुराने जेवरात, जिनकी कीमत करीब 13 लाख है, जबकि चना बेचकर रखे गए साढ़े 3 लाख चुरा लिए थाना प्रभारी जयपाल इवनाती में बताया की घटना की सूचना मिलने के बाद बैतूल से डॉग स्क्वायड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट बुलाए गए थे, जिन्होंने घटना स्थल की जांच की है। घर में आलमारियां टूटी मिलीं, जबकि ट्रॉली बैग घर के पीछे पड़ा मिला है, जिस पैटर्न पर यहां चोरी हुई है। उसी पैटर्न पर आज पांढुरना जिले मे भी चोरी की शिकायत दर्ज की गई है।



## अवैध रेत, गिट्टी परिवहन करते 3, ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

### कलेक्टर आए एक्शन मोड में

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल**

चुनाव होते ही बैतूल कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी एक्शन मोड में एक बार फिर नजर आ रहे हैं। जिले में अवैध तरीके से गौड़ खनिज का उत्खनन और परिवहन करने वालों पर सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश मिलते ही खनिज अमले ने भी कार्यवाही शुरू की और आमला क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन ग्रामों के आसपास अभियान चलाकर अवैध गिट्टी और रेत ढोते तीन ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त कर लिए।

उप संचालक खनिज मनीष पालेवार ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर सहायक खनि अधिकारी बीके नागवंशी द्वारा खनिज अमले के साथ आमला क्षेत्र के ग्राम सोनतलाई, तिरमहु, देवगांव, जम्बाड़ा, बारछी, बोरदेही का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण आमला के बोड़खी क्षेत्र में अवैध गिट्टी और रेत भरा ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया है।

उक्त ट्रैक्टर ट्रॉलियों को थाना आमला परिसर में खड़ा कराया गया है। पालेवार के मुताबिक अवैध परिवहन में जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर मध्यप्रदेश अवैध -खनन, परिवहन और भंडारण नियम -2022 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही है।

### वैभवी मिश्रा का सुयश

#### 10वीं में हासिल किए 93 प्रतिशत से अधिक अंक




**बैतूल।** सेंट टैरेसा स्कूल डॉन बास्को के पास सदर बैतूल में अध्ययनरत सीबीएसई पैटर्न कक्षा 10वीं की मेधावी छात्रा वैभवी मिश्रा ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल एवं परिवारजनों का मान बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि वैभवी मिश्रा ने यह उपलब्धि अपनी मां प्राथमिक शिक्षिका विपाशा मिश्रा एवं दादी कुमुद मिश्रा के मार्गदर्शन में प्राप्त की है। उन्हें दो विषयों में ए-1, तीन विषयों में ए-2 ग्रेड मिला है। वैभवी ने अपनी इस सफलता का श्रेय गुरुजनों एवं माता, दादी, नाना-नानी परिवारजनों के आशीर्वाद को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, रिश्तेदारों, ईष्टमित्रों और शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

### पुस्तक मेले का आयोजन आज

**भैंसदेही।** शासन के निर्देशानुसार विकासखंड मुख्यालय पर नवीन शैक्षणिक सत्र 2024 -25 के प्रारंभ में क्रय किए जाने वाली पुस्तक यूनिफॉर्म कॉपी स्टेशनरी आदि उचित मूल्य पर उपलब्ध कराए जाने हेतु 15 मई को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसदेही में सुबह 11:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक एक दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया है. मेले में विकासखंड मुख्यालय के सभी पुस्तक, यूनिफॉर्म, कॉपी ,स्टेशनरी विक्रेता स्टाल लगाकर शिक्षण सामग्री का विक्रय उचित दाम पर करेंगे। क्रय करने हेतु अपील की गई हैं।

### राम कुंडई में खाई में ट्रैक्टर गिरने से चालक की मौत

**बैतूल।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुंडई में किसान के खेत में ट्रैक्टर रिवर्स करने के दौरान ट्रैक्टर खाई में गिर जाने से ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। ग्राम कुंडई निवासी उमेश पिता सुखराम उईके 21 साल सोमवार अलसुबह 5 बजे के दरमियान ट्रैक्टर में कल्टीवेटर लगाकर खेत बनाने का कार्य कर रहा था। इस दौरान ट्रैक्टर रिवर्स करते समय अचानक ट्रैक्टर खेत के किनारे स्थित गहरी खाई में गिर गया। लगभग 20 फीट गहरी खाई में ट्रैक्टर सहित गिरने से चालक उमेश की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उमेश का शव खाई से बाहर निकालकर पोस्ट मार्टम के लिए नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना पर मर्ग कायम किया है।

## काजल बेटी को इंसाफ दो, हत्यारे को फांसी नारे लगाते महिलाओं-बच्चों ने निकाला मार्च

**सीहोर।** काजल बेटी को इंसाफ दो, हत्यारे को फांसी दो के नारे लगाते हुए पैदल मार्च निकाला गया। इंसाफ के लिए कोतवाली चौराह, अटल चौराहा और तहसील चौराहा पर धरना दिया गया। जहांगीरपुरा की महिलाओं और बच्चों ने गंज में हुई साजिशपूर्ण काजल की हत्या से दुखी होकर प्रदर्शन कर किया।

तेज धूप में सोमवार दोपहर हाथों में काजल का फोटो लेकर महिलाओं और बच्चों ने कड़ा आक्रेश व्यक्त किया। आक्रोशित महिलाओं के द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देकर काजल के हत्यारों को तत्काल गिरफतार करने की मांग की गई।

जहांगीरपुरा से पहुंचकर एकत्रित हुई महिलाओं ने कोतवाली चौराहा से पैदल मार्च शुरू कर पान बदरी महल चौराहा, पान चौराहा बड़ा बाजार से अटल बिहारी चौराहा से तहसील चौराहा होते हुए जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दिए शिकायती पत्र में बताया कि जहांगीरपुरा की बेटी काजल को उसकी सास निर्मिला लोधी और ससुर हरि सिंह पति आदित्य लोधी प्रतांडित कर रहे थे। शादी के बाद से काजल के पिता से दस लाख रूपये दहेज की मांग की जा रही थी। शादी के एक साल बाद गंज लोधी मोहल्ला में रहने वाले आदित्य लोधी आत्मज हरि सिंह लोधी ने काजल को बेहरहमी से मारपीटकर जबरन फांसी के फंदे से लटका कर मार डाला है। जबकी काजल के पिता वनबारी लाल लोधी ने सामाजिक रितीरिवाजों का संपूर्ण पालन करते हुए 6 फरवरी 2023 को धूमधाम से गंज लोधी मोहल्ला में रहने वाले हरि सिंह लोधी के पुत्र आदित्य लोधी से काजल का विवाह किया था।

### समाज एकत्रित होकर कार्य करे

## राजपूत समाज भवन में मनाई महाराणा प्रताप की जंयती



**सारनी।** कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा के अस्पताल कॉलोनी में स्थित राजपूत भवन में रविवार को बड़े हर्ष उल्लास के साथ महाराणा प्रताप का जन्म दिवस मनाया गया इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राजपूत समाज के पदाधिकारी एकत्रित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत महाराणा प्रताप के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महेंद्र सिंह ठाकुर और रंजीत सिंह ने कहा की महाराणा प्रताप की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके सिद्धान्तों पर चलने की बात कही है।रजीत सिह ने कहा की महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुंम्भलगढ़ में हुआ था यह राजपूत घराने में जन्म लेने वाले प्रताप उदय सिंह द्वितीय और महारानी जयवंती बाई के सबसे बड़े पुत्र थे वह एक महान परिक्रमी और युद्ध रणनीति में कौशल दक्ष थे महाराणा प्रताप ने मुगलों के बार-बार हुए हमले से मेवाड़ की रक्षा करने का कार्य किया था।इस कार्यक्रम का मंच संचालन राजपूत समाज के अध्यक्ष अरुण सिंह ने किया और इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शेर सिंह परमार,नरेंद्र सिंह,राम सिंह सेंगर, प्रमोद सिंह,आई.पी. सिंह,सुनील सिंह,कुंदन सिंह,युगांश सिंह,राणा सिंह और भी कई गणमान्य जन समाजिक बन्धु

### ग्राम भारती महिला मंडल की अध्यक्ष भारतीय अग्रवाल ने किया संबोधित

## 'आत्मनिर्भर बनना और हुनर सीखना दिव्यांगों की प्राथमिकता'






**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी**

शहरी क्षेत्र के दिव्यांगों को डाटा एंट्री के लिए प्रशिक्षण देने का कार्य किया गया प्रशिक्षण के कार्य में परिपक्व होने के बाद इन दिव्यांग प्रशिक्षणार्थियों का मंगलवार को प्रति स्पर्धा का आयोजन किया गया और इस प्रति स्पर्धा में दिव्यांगों के माध्यम से कम समय में ज्यादा डेटा एंट्री के अलावा विभिन्न कार्यक्रमों में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देने का काम किया गया।

इस अवसर पर ग्राम भारती महिला मंडल की अध्यक्ष भारतीय अग्रवाल ने उपस्थित दिव्यांगों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि इच्छा शक्ति मजबूत हो तो कोई भी जटिल से जटिल काम बड़ी आसानी के साथ किया जा सकता है उन्होंने कहा कि दिव्यांग होने के बाद भी आत्म सम्मान और कुछ कर गुजरने की इच्छा लेकर डाटा एंट्री करने का काम किया जा रहा है यह अपने आप में बड़ी उपलब्धि है कई लोग तो दिव्यांग होने के बाद मनोबल को तोड़ लेते हैं और भिक्षावृति जैसे कार्य में लिप्त हो जाते हैं जिसकी वजह से उन्हें दया भाव की दृष्टि से देखा जाता है लेकिन दिव्यांग होने के बाद होना सीखने की जिज्ञासा आप सभी लोगों में देखने को मिल जो अपने आप में बड़ी उपलब्धि से काम नहीं है।

#### मंत्रालय विभाग के सहयोग से प्रशिक्षण दिया जा रहा

संस्था के ट्रेनर ने बताया कि ग्राम भारती महिला मंडल मैं दिव्यांग प्रशिक्षार्थियों का डेटा एंट्री ऑपरेटर एवं पिकल मेकिंग का प्रशिक्षण सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय विभाग के सहयोग से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें हितग्राही अत्यधिक उत्सुकता के साथ प्रशिक्षण ले रहे हैं प्रशिक्षण को रोचक बनाने के लिए तथा दिव्यांगो का मनोबल बढ़ाने के लिए संस्था द्वारा समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन कर उनका उत्साहवर्धन पारितोषिक देकर किया जा रहा है। इसी तारतम्य में हितग्राहियों से एक मिनट शो तथा अपने भविष्य की कार्य योजना पर अभिव्यक्ति प्रस्तुत की गई। एक मिनट शो में फिल्मी गाने, भजन, नकल, डांस, गजल,ढोलक बजाना, जानवरों की आवाज, पक्षियों की आवाज, संस्था के कार्यकर्ताओं की नकल प्रस्तुत की गई ।जिसमें प्रथम स्थान पर बबीता एवं अब्दुल रहे द्वितीय स्थान पर उषा एवं युग रहा तृतीय स्थान पर जागृति एवं प्रमिला रही सांत्वना पुरस्कार में सोनाली, करिश्मा,दीपक, दीपेश शर्मा,दीपिका, प्रीति एवं सुनील रहे। इन्हें विशेष पुरस्कार दिया गया।

#### प्रशिक्षणार्थी पुरस्कार पाकर खुश हुए

*शेष सभी बच्चों को पेन दिए गए । सभी प्रशिक्षणार्थी पुरस्कार पाकर अत्यधिक खुश हुए । यहां प्रशिक्षण के साथ-साथ हमें अन्य जानकारियां दी जा रही है। साथ ही समय-समय पर पुरस्कार भी मिल रहे हैं। बच्चों द्वारा दिव्यांगों पर इतना उत्कृष्ट प्रशिक्षण संचालित करने के लिए संस्था को बार-बार धन्यवाद दिया गया। भविष्य में इस प्रकार प्रशिक्षण देने के लिए संस्था प्रमुख से आग्रह किया गया। संस्था प्रमुख द्वारा यथासंभव सहयोग के लिए कहा गया कार्यक्रम मे संस्था से भारतीअग्रवाल,ग्राम भारती महिला मंडल अध्यक्ष प्रशिक्षिका बिंदेश्वरी यादव और कांती सिंह उपस्थित रही।*

### डंपर भरने व खाली होने से उठ रहा है धूल का गुब्बार हो रहे प्रदूषण से रहवासी परेशान

# आबादी क्षेत्र से कंस्ट्रक्शन कंपनी का सीपी 30 प्लांट हटाने की मांग

एक ओर जहां सरकार लोगों के स्वास्थ्य के लिए प्रदूषण मुक्त योजनाओं का संचालन कर रही है। वहीं माखननगर तहसील मुख्यालय में एक कंपनी द्वारा रहवासी क्षेत्र में फोन लेन सड़क निर्माण कार्य के लिए प्लांट लगाकर गिट्टी का स्टॉक करने के लिए धूल उड़ाई जा रही है जिससे नागरिकों एवं वनस्पति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶माखननगर




बिंदल डेवलपर्स कंपनी द्वारा माखननगर में फोरलेन रोड का निर्माण किया जा रहा है। जिसके लिए आबादी क्षेत्र सिरवाड़ रोड वार्ड क्रमांक 3 में कंपनी ने एक निजी भूमि के मालिक से एक वर्ष के लिए भूमि प्लांट लगाने के लिए किराय पर ली है। जो नागरिकों के लिए परेशानी का सबब है।

#### सिंचाई विभाग की भूमि पर भी किया गिट्टी का स्टॉक

निजी भूमि से लगी हुई नहर निकली है इसके बाजू में भी बिंदल कंस्ट्रक्शन कंपनी ने गिट्टी का स्टॉक कर रखा है। इस संबंध में सिंचाई विभाग के एसडीओ पीएल दायमा से जब बात की गई तो उन्होंने बताया मुझे इस बात की जानकारी नहीं है आपने मुझे बताया इस पर संबंधित को नोटिस देकर गिट्टी हटाने को कहा जाएगा कोई आश्चर्य की बात है कि स्थानीय स्तर पर नगर पालिका सिंचाई विभाग पीडब्ल्यूडी या राजस्व विभाग का इस हो रहे प्रदूषण पर कोई ध्यान नहीं है। जबकि आबादी क्षेत्र में एवं नहर किनारे बहुत से हरे पेड़ लगे हुए हैं और प्रतिदिन गिट्टी से भरे डंपर खाली हो रहे हैं और भरे जा रहे हैं जिससे धूल का गुब्बार उठ रहा है। जिससे हरे पेड़ों पर धूल की परत जम रही है और पेड़ों को नुकसान पहुंच रहा है। जिससे हरे भरे वृक्षों से मिलने वाली धूलरहित आक्सीजन लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरित प्रभाव डाल रही है। नागरिकों ने कई बार संबंधित कंपनी के जिम्मेदारों से शीघ्र ही रहवासी क्षेत्र से गिट्टी के स्टॉक और वाहनों की आवाजाही से उठने वाली धूल से निजात दिलाने की मांग की है। अब देखना यह है कि पर्यावरण को बचाने के लिए, कंस्ट्रक्शन कंपनी और जिम्मेदार लोगों पर कब और क्या कार्रवाई होती है।

**धूल उड़ाने से हो रहा है प्रदूषण**



आबादी क्षेत्र में प्लांट पर काम शुरू होने से रहवासी क्षेत्र में रहने वाले लोगों के मकान तक में धूल पहुंच रही है। लगातार उड़ती हुई धूल से लोग परेशान हैं रह वासियों ने इसकी शिकायत मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को कर आबादी क्षेत्र से प्लांट हटाने की मांग की है। जिस पर प्रदूषण नियंत्रक ने मौके पर पहुंचकर जांच की है इसके बाद आगे की कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है। वहीं आश्चर्य की बात यह है की बिंदल कंपनी को मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मंडल से अनुमति ली जाना था जो ली गई है या नहीं दी गई अभी इसकी जानकारी भी नहीं है।

# वर्धमान स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बढ़ाया शहर का गौरव

### कोशिश करने वालों की कभी हार नही होतीः प्रशांत जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी



निरंतर प्रयास और शिक्षा के क्षेत्र में विगत दो दशकों से विद्यार्थी जीवन को सफल और कामयाब बनाने के लिए वर्धमान पब्लिक स्कूल निरंतर प्रयास कर रहा है। संस्था, शिक्षक एवं वर्धमान के बच्चो की कड़ी मेहनत एक बार फिर रंग लाई है। सोमवार के घोषित हुए सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में बच्चों ने अपनी कोशिश और कड़ी मेहनत को फिर से साबित किया। कक्षा दसवीं में एकाग्र पांडे ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और मनस्वी जैन ने 96.2 प्रतिशत के साथ दूसरा एवं आयुष कोरी ने 96.2 प्रतिशत प्राप्त कर दूसरा ही स्थान प्राप्त किया। वही 18 बच्चे 90% से अधिक की श्रेणी में रहे और लगभग 61 बच्चे 80% से अधिक प्राप्त किए।

कक्षा बारवी में साइंस संकाय में प्रथम स्थान नम्रता लालवानी ने 95 प्रतिशत के साथ प्राप्त किया एवं मिष्ठी नवलानी ने 94 प्रतिशत के साथ कॉमर्स संकाय में दूसरा स्थान एवम हर्ष यादव ने 92 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। शत प्रतिशत बोर्ड परीक्षा परिणाम के साथ वर्धमान के बच्चो ने शहर में अपनी मेहनत से कामयाबी का परचम लहराया।

विद्यार्थियों ने बताया की हमारी संस्था के सभी शिक्षकों और स्कूल द्वारा बनाई गई बोर्ड परीक्षा की तयारी की प्लानिंग से ही आज हम इस मुकाम पर है। साथ ही उनका कहना था की इन परिणामों से वह एक अच्छे कॉलेज में एडमिशन के लिए एलिजिबल होने के साथ अपना सपना भी पूरा कर पाएंगे। सफलता का पूरा श्रेय उन्होंने अपनी स्कूल और सेल्फ स्टडी को दिया। वर्धमान के लिए गौरव का विषय यह भी रहा की तीन बच्चे शुभांग चौरे, रामिष्ठ पटेल एवं हर्ष यादव आईआईएटी जेईई एडवांस के लिए भी साथ में क्वालीफाई हुए है। वर्धमान स्कूल के संचालक प्रशांत जैन, निर्देशिका रचना जैन एवम प्रिंसिपल वर्षा मिश्रा ने सभी बच्चो, शिक्षकों एवम अभिवकों को बधाई देते हुए यह घोषणा भी की वर्धमान यह कोशिश हर वर्ष और बेहतर करेगा।

### विस्थापित ग्राम की प्राथमिक शाला में आयोजित समर कैंप का हुआ समापन

**माखननगर।** विकासखंड के विस्थापित ग्राम नया घोड़ानार की प्राथमिक शाला में चार दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया था। जिसका मंगलवार को समापन हुआ। शिविर में शामिल हुए बच्चों ने चित्रकला ज्यामितिय आकृतियां तथा पैटर्न बनाना सीखा समापन अवसर पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं ग्रामवासी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

# पत्रकार से अभद्रता करने पर संघ ने अधीक्षक व आईएमए को दिया ज्ञापन

### मीडियाकर्मी से डॉक्टर ने अस्पताल में की थी अभद्रता

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी



डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टर द्वारा मीडिया कर्मी से की गई अभद्रता और मोबाइल छीनने के विरोध में नर्मदापुरम पत्रकार संघ के सदस्यों ने मंगलवार को डॉक्टर पर कार्यवाही और भविष्य में ऐसी घटना न हो इसके लिए एक ज्ञापन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष, अस्पताल अधीक्षक और थाना प्रभारी इटारसी को सौंपा। बता दें कि कल मीडिया कर्मी तेंदुए के हमले से घायल हुए युवकों का कवरेज करने शासकीय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय के आपातकालीन वार्ड में पहुंचे थे। इसी दौरान ड्यूटी पर मौजूद डॉ अभिषेक अग्रवाल का घायल युवकों से किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था, जिस पर उक्त घटना का वीडियो बनाने के लिए मोबाइल निकाला, तभी डॉ. अभिषेक अग्रवाल ने मीडिया कर्मी का मोबाइल छीनकर अभद्रता की। इस पूरे मामले में अस्पताल अधीक्षक का कहना है कि घटना दुखद है। ऐसा नहीं होना चाहिए और ऐसा आगे नहीं हो इसके लिए जल्द ही वरिष्ठ अधिकारी के साथ मिलकर डॉक्टर्स और पैरामेडिकल स्टाफ का एक काउंसलिंग सेशन करेंगे और इस घटना को लेकर एक जांच समिति गठित कर उचित कार्यवाही करेंगे। इस दौरान नर्मदापुरम पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद पगारे, संभागीय अध्यक्ष रोहित नागे, सुश्री मंजू ठाकुर, मनोज कुंडू, इंद्रपाल सिंह, कृष्णा राजपूत, राजकुमार बाबरिया, राहुल शरण, पुरुषोत्तम झलिया, अजय दुबे, कुशल नवथले, भूपेंद्र विश्वकर्मा, राहुल अग्रवाल, बसंत चौहान, नितिन वर्मा सहित अन्य पत्रकार मौजूद थे।

# कलेक्टर के आदेश के बाद भी गेहूं उपार्जन केंद्रों पर नहीं हो रही खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया



मध्य प्रदेश एवं केंद्र सरकार के माध्यम से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की जा रही थी जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा 20 मई तक गेहूं खरीदी बढ़ा दी गई थी जैसे लेकर जिला कलेक्टर सोनिया मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को गेहूं उपार्जन की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में संबंधित अधिकारियों को बताया गया कि केंद्र उपार्जन किस पर सतत खरीदी की जावेगी। उसके बाद भी पिपरिया विकासखंड की सेवा सहकारी समिति गाड़ाघाट के खरीदी केदो पर पाया गया कि अधिकारियों के निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है।

महादेव वेयर हाउस खरीदी केंद्र जो की गाड़ाघाट से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर है उसे खरीदी केंद्र की पर्ची गाड़ाघाट की खरीदी केंद्र के बारदानो लगाई जा रही है। साथी प्रबंधक खरीदी केदो पर उपस्थित नहीं मिले ना ही कोई स्टाफ उपस्थित मिला सिर्फ एक कर्मचारी उपस्थित मिला जिसने बताया कि अभी जो अनाज रखा हुआ है उसका परिवहन हो रहा है उसके परिवहन होने के बाद बिहार के मजदूरों से जो अनुबंध हुआ है उसकी समय सीमा समाप्त हो चुकी है वर्तमान में चार ट्रैक्टर अनाज के भर खड़े हुए हैं जिनमें लक्ष्मण पटेल पचवारा प्रीतम चौधरी जालौन सहित अन्य जगहों के किस खड़े हुए हैं किसानों से शे चर्चा प्रबंधक कब मिले नहीं है कर्मचारी का कहना है कि यदि मजदूर रहे तो रात में तलाई की जावेगी कि नहीं रहे तो अगले मजदूर 15 तारीख के बाद आएंगे उसके बाद तो लाइक की जावेगी तोल कांटे कमरे में रख दिए गए हैं इससे ऐसा प्रतीत होता है की खरीदी बंद कर दी गई है।

लाइन की कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला है इससे ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकारियों के आदेश की अवहेलना की जा रही है इस विषय में प्रबंधक नारायण पटेल से फोन पर चर्चा करनी चाहिए तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया और ना ही कोई जवाब दिया गया। खरीदी को लेकर किसान परेशान है क्योंकि उन्हें इस बार खरीदी में अधिक समस्या का सामना करना पड़ा है मुश्किल में गेहूं पास किया था उसके बाद भी कलाई नहीं की जा रही है जिस कारण किसानों में रोस है।

# ग्रीष्मकालीन खेल का प्रशिक्षण का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

मध्य प्रदेश शासन खेल युवा कल्याण विभाग के द्वारा ग्रीष्मकालीन निशुल्क खेल प्रशिक्षण का शुभारंभ सीएम राइज स्कूल प्राचार्य संजीव दुबे के नेतृत्व में खेल परिसर में शुभारंभ किया गया फुटबॉल हैंडबॉल एवं ताइक्वांडो खेल का प्रशिक्षण 13 में 2024 से निरंतर 30 दिवस तक किया जाएगा। प्रशिक्षण में 8 वर्ष से 19 वर्ष तक के खिलाड़ी बालक बालिका भाग ले रहे हैं प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक शाम 5 बजे से 7 बजे तक दिया जाएगा फुटबॉल खेल का प्रशिक्षण एवं हैंडबाल का प्रशिक्षण आर एन ए विद्यालय में आयोजित किया जावेगा तथा ताइक्वांडो खेल का प्रशिक्षण कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया जा रहा है। जिसके प्राचार्य नरेंद्र राज के नेतृत्व में भी यह कार्यक्रम किया जा रहा है प्रशिक्षण खिलाड़ियों को उनकी बारीकी यो की देकर खेल कौशल में सुधार किया जाएगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्राचार्य संजीव दुबे, बीआरसी प्रदीप शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीलाल रघुवंशी, खेल समन्वयक प्रीतम सिंह पुरवइया, अरविंद शर्मा, खेल एवं कल्याण विभाग के कोच सचिन पूर्णिया, निशा ठाकुर, शिवम पुरवइया, जितेंद्र चौहान खिलाड़ी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

### सेंट जोसेफ हायर सेकंडरी स्कूल के छात्रों ने बाजी मारी

**पिपरिया।** शहर का यह पहला अवसर रहा जब बोर्ड परीक्षा में पिपरिया के किसी विद्यार्थी का जिला या प्रदेश में कभी नंबर नहीं लगा। लेकिन अब सीबीएसई रिजल्ट आने के बाद उत्कृष्ट विद्यालय में स्कूल के प्राचार्य शिक्षक छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी अलग-अलग दिखाई दे रही है। सेंट जोसेफ सीनियर हायर सेकंडरी स्कूल में सीबीएसई 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा होना और छात्र कनिष्क चाणक्य ने 97 फीस दिए अंक प्राप्त किया मुस्कान मूंदड़ा ने 95 फ़ीसदी अंक प्राप्त किया तथा ऊर्जा जेन में 94 फीस दिए अंक प्राप्त किया अंक प्राप्त यह इस तरह से सेंट जोसेफ स्कूल का टोटल परीक्षा परिणाम साइंस में 99% कॉमर्स में 98% तथा बायोलॉजी में 100% रहा। इस तरह से सेंट जोसेफ स्कूल में वर्ष 2024-25 में बेटियों ने फिर बाजी मारी और नगर का नाम गौरवान्वित किया। इसी तरह से द लर्निंग इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में नाम हासिल किया है सभी विषय में स्कूल का रिजल्ट सबसे टॉप रहा है। शिक्षक सीपी सोनी तथा स्कूल के संचालक हर्ष मालपानी आदित्य मालपानी द लर्निंग इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

### इंडिया कल्ट लाइफ स्टाइल फैशन वीक में इटारसी के मॉडल सौरभ ने बिखेरे जलवे

**इटारसी।** शहर की प्रतिभा सौरभ गुरयानी ने देहरादून में अपनी स्टायल का डंका बजाया है। उन्होंने ब्लेंडर प्राइड द्वारा प्रस्तुत इंडिया कल्ट लाइफस्टाइल फैशन वीक 2024 में भाग लेकर सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। सौरभ ने उत्तराखंड के देहरादून में वीजी फैशन इंटरटेनमेंट द्वारा विशेष इवेंट के सहयोग से हुए इंडिया कल्ट लाइफस्टाइल फैशन वीक के सातवे संस्करण 2024 में डिजायनर ममता मलिक, मोहनलाल एंड संस और कैंटबिल के लिए वाक किया। दो दिवसीय फैशन वीक का आयोजन हाइप और कोकाकोला के सहयोग से होटल रमाडा बाय विंधम में किया गया था। इस कार्यक्रम में देश भर से 16 से अधिक डिजाइनरों के संग्रह का प्रदर्शन किया गया।



### कतिया समाज के द्वारा संत भूरा भगत की निकाली गई शोभायात्रा

**पिपरिया।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी कतिया समाज के आराध्य संत शिरोमणि भूरा भगत महाराज की पुराना गल्ला मंडी हनुमान मंदिर से लेकर पचमढ़ी रोड बैंक कॉलोनी में कतिया भवन तक विशाल शोभा यात्रा निकल गई। महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर घुड़सवारों के हाथों में केसरिया ध्वज के साथ एक महोत्सव के रूप में बहुत ही शानदार देवों के देव महादेव के अनन्य भक्त संत शिरोमणि भूरा भगत महाराज की जयंती मनाई गई और जिसमें शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकल गई उसके पश्चात भवन में पहुंचकर संत शिरोमणि का अभिषेक करते हुए पूजन अर्चन किया गया और समाज के गौरव विधायक ठाकुरदास नागवंशी जनपद अध्यक्ष संध्या सिंघाड़े जिला पंचायत सदस्य बृज किशोर पठारिया सरपंच सेल्वाड़ा राजकुमारी नागवंशी सरपंच बांसखेड़ा राधा दीपक बेलवंशी, सरपंच मोकलबाडा कमल बान, सरपंच रिछैडा जितेंद्र नागवंशी एवं दिलीप सिंगारे सरपंच ठूंठादहलबाडा इन सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ जिसमें महिला मोर्चा भाजपा की जिला महामंत्री ममता नागवंशी ने महिलाओं का नेतृत्व करते हुए विशाल कलश यात्रा निकाली इस दौरान समाज के प्रेरणा स्रोत मुख्य रूप से बीपी जावरे दिनेश ढकरिया अंकित जेवरिया धर्मेंद्र नागवंशी अमित आरसे राकेश सूर्यवंशी राजेश ग्यारहवें गोल्डी नागवंशी वीरेंद्र बेलवंशी ममता नगोत्र मीना पगार फूलवती जावरे कतिया समाज के लोगों की उपस्थिति में आयोजन किया गया। आयोजन समिति में अध्यक्ष राकेश पगारे उपाध्यक्ष मनोज नगोतरा सचिव सचिन आरसे सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। विशाल रूप में आयोजित हुआ मीडिया प्रभारी पूरन नागवंशी ने बताया कि समाज के अध्यक्ष कमल नागरे सचिव अमित जावरे उषा अध्यक्ष श्रीकांत नागवंशी गोल्डी के द्वारा पहली बार इतनी विशाल तैयारी के साथ इतनी विशाल शोभायात्रा निकल गई। जिसमें हजारों की संख्या में सभी लोग परिवार सहित शामिल हुए जगह-जगह संत भूरा भगत का विभिन्न समाज सेवी संगठनों के द्वारा पूजन किया गया दुर्गा मंदिर धार्मिक न्यास से अरविंद राय हिंदू उत्सव समिति से अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी सहित तमाम समाज सेवी संगठनों के द्वारा जगह-जगह का स्वागत सम्मान किया गया।

### व्यासगादी से स्वामी विश्व स्वरूपानंद ने कराया कथा का रसपान

# शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी



ब्रह्मलीन महंत सुंदर गिरी महाराज की पावन स्मृति में संगीत मय श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह मंगलवार से वृंदावन गार्डन न्यास कॉलोनी में प्रारंभ हो गया है। प्रथम दिन शोभायात्रा गिरी निवास न्यास कॉलोनी से प्रारंभ हुई जो प्रियदर्शनी कॉलोनी के दुर्गा मंदिर पहुंचकर यहां पूजा अर्चना के उपरांत सरदार पटेल सतरास्ते से दुबे हॉस्पिटल होते हुए आयोजन स्थल वृंदावन गार्डन पहुंचकर संपन्न हुई।

उपरोक्त शोभायात्रा में सूरत गिरी बांग्ला हरिद्वार पीठाचार्य एवं सन्यास आश्रम मुंबई के महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि महाराज मुख्य रूप से सम्मिलित हुए। शोभायात्रा का जगह-जगह सामाजिक जनों ने स्वागत सत्कार किया। शोभायात्रा संपन्न होने के बाद दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा श्रोताओं को सुनाई गई। यहां व्यासगादी पर विराजमान हुए हरिद्वार के प्रसिद्ध प्रवचनकर्ता स्वामी विश्व स्वरूपानंद महाराज ने प्रथम दिवस में श्रोताओं को श्रीमद् भागवत के महत्व से अवगत कराया। कथा के प्रारंभ में संयोजक श्याम गिरी एवं अन्य सदस्यों ने महाराज का स्वागत किया। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक चलेगी।

# विधायक डॉ शर्मा ने नपाध्यक्ष एवं पार्षदों से की शहर के पार्क व अन्य विकास कार्यों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी



विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदों के साथ ही अपने साथियों ने शहर के विकास के संबंध में चर्चा की और नगर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा कर कार्य की प्रगति के विषय में जानकारी ली। बता दें कि लोकसभा चुनाव के दौरान पहले नर्मदापुरम फिर विदिशा संसदीय क्षेत्र में प्रचार के लिए व्यस्त रहने के बाद अब विधायक ने अपने क्षेत्र के विकास के लिए पुनः अपने साथियों से चर्चा की है। आज विकास और निर्माण कार्यों की समीक्षा के लिए नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के साथ पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने अटल पार्क के साथ नगर के सभी उद्यानों के रख-रखाव के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, सभापति राकेश जाधव, सभापति मनजीत कलोसिया, पार्षद अमित विश्वास, कुंदन गौर, जिम्मी कैथवास एवं पार्षद प्रतिनिधि देवेन्द पटेल, मनीष ठाकुर उपस्थित थे।

### बिछड़ते परिवार को जोड़ने के लिए परामर्श जरूरी है, केन्द्र बंद होने पर दिया ज्ञापन



विगत कुछ माह में परिवार परामर्श केंद्र बंद होने के बाद थाने में सीधे एफआईआर होने लगी है। परिवार परामर्श केंद्र के परामर्शदाता सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर ने विधायक डॉक्टर शर्मा को ज्ञापन देकर मांग की है कि पारिवारिक विवाद के प्रकरण में पहले दोनों पक्षों की एक बार काउंसलिंग आवश्यक है, जिससे कि परिवार आपस में बैठकर विवाद सुलझा सकें और सुखी दांपत्य जीवन प्रारंभ कर सके। ज्ञापन के उपरांत डॉ सीताराम शर्मा ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात के समय इस बात को रखा। पुलिस अधीक्षक गुरु चरण सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण ही परामर्श बंद हुआ है। उपरोक्त ज्ञापन को हम अपने वरिष्ठ अधिकारियों को प्रेरित कर इस संदर्भ में दिशा निर्देश प्राप्त करेंगे। मनीष ठाकुर ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि जिले में दो जगह महिला बाल विकास द्वारा महिला को न्याय दिलाने के लिए वन स्टाफ सेंटर एवं शक्ति सदन की स्थापना की गई है। इन दोनों जगह शासन द्वारा परामर्शदाता की नियुक्ति में की गई है। इन दोनों जगह में परामर्श के लिए प्रकरण को भेजा जाना उचित होगा, इसमें पुलिस विभाग को किसी भी प्रकार का खर्च वहन नहीं करना पड़ेगा।

### अनदेखी: खेतों की बॉउंड्री पहुंची सड़कों तक, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# नगर से लगे हाईवे सहित अंचल की सड़कों के दोनों ओर बढ़ रहा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶इछावर



नगर के बीच से निकले सीहोर-भैरूंदा स्टेट हाइवे सहित ग्रामीण अंचल की सड़कें अतिक्रमण की चपेट में है। सड़कों के दोनों ओर लगातार बढ़ता अतिक्रमण परेशानी का सबब बन रहा है। सड़कों से लगी हुई कृषि भूमि पर बिना सीमाकंन करें लगातार तार फेसिंग कर अतिक्रमण को लगभग सड़क के किनारे तक पहुंचा दिया गया है। तमाम विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के चलते सडक किनारे के अतिक्रमण लगातार बढ़ते जा रहें है। बीते दिनों सडक किनारें खड़े डंफर से बाईक सवार के टकराने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

लोगों का कहना है कि हाइवे किनारें खेतों की बाउंड्री कई जगह हाइवे से बिल्कुल सटकर लगी हुई है। यही हाल अंचल की प्रधानमंत्री सडकों की है। इन पर दो बड़े वाहन नहीं निकल पाते है। वहीं थोडी सी बारिश में वाहन चालक क्रासिंग के समय वाहन रोड से नीचे उतारने से हादसें का खतरा रहता है। कई बार शिकायत के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हुआ। इससे लोग काफी परेशान है। नगर के बीच से स्टेट हाइवे क्रमांक 53 निकला है। इस हाइवे पर बेहताशा अतिक्रमण पसरा हुआ है। इससे आवागमन करने में परेशानी होती है। सबसे खराब स्थिति थाना मोड से कृषि उपज मंडी तक है। दरअसल सड़क किनारें ही दुकानें संचालित होने के कारण ग्राहक सडक पर ही वाहनों की पार्किंग कर रहें है। ऐसे में यहां पर हादसा होने की भी आशंका बनी रहती है। इसी प्रकार ब्रिजीशनगर, दीवड़िया, दौलतपुर, चैनपुरा, खैरी, भाउखेड़ी, रामनगर आदि सड़कें भी अतिक्रमण की चपेट में है। मार्गों से लगी कृषि भूमि की बाउंड्री उठाकर सड़कों के किनारें तक पहुंचा दिया गया है। इन मार्गों के दोनों ओर अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। जो आवागमन में परेशानी के साथ ही हादसें का सबब भी बन रहा है। हाइवे से करीब दो किमी लंबाई के ब्रिजीशनगर मार्ग पर अतिक्रमणकारियों द्वारा कब्जा जमा रखा है। हालत यह है कि कृषि भूमि की बाउंड्री सड़क की पटरी पर ही कर ली है। इससे न सिर्फ आवागमन दुभर हो रहा है बल्कि यह हादसे का कारण भी बन रहे हैं।

**सड़कों पर बढ़ता जा रहा है यातायात का दबाव** : बीते कुछ सालों के दौरान इन तमाम सड़कों पर यातायात का दबाव लगातार बढा है। यातायात बढ़ने के साथ में सड़क पर वाहनों की रेलमपेल लगातार बनी रहती है। कुल मिलाकर सड़क की चौड़ाई वाहनों के लिहाज से बेहद कम पड़ने लगी है। ऐसे में सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण से समस्या ओर गंभीर होती जा रही है। हाइवे सहित अंचल की सड़कों की मॉनिटरिंग नहीं होने से क्षेत्र के लोगों द्वारा लगातार अपनी बॉउंड्री को बढ़ाया जा रहा है और कई जगह तो लोगों ने बिलकुल सड़क से सटाकर तार फेसिंग कर ली है।

#### हाइवे किनारे बने हैं वेयर हाउस

सीहोर -भैरूंदा स्टेट हाइवे पर कई वेयर हाउंस बनें हुएं है। जिनकी बॉउंड्री सड़क से सटी हुई है। इन वेयर हाउंसों से निकलती ट्रैक्टर-ट्राली अचानक सड़कों पर आ जाती है जिसके चलते दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना रहता है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री सड़कों पर भी बढ़ते हुए अतिक्रमण के कारण इनकी चौड़ाई अपेक्षाकृत कम होती जा रही है। संबंधित सड़कों पर कई जगह अतिक्रमणकारियों ने कब्जा जमा रखा है।

# बीजेपी नेत्री के बेटे ने चलाई गोली, खुद के ही पैर में लगी, मामला दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

### मंगलवार दोपहर को सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶हरदा




भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष और पार्षद के बेटे सुमित अग्रवाल द्वारा दो युवकों पर फायर करने का वीडियो आया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना मंगलवार दोपहर की है। गोली चलाने वाले आरोपी का नाम सुमित अग्रवाल है, जो भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष और पार्षद अनिता अग्रवाल का बेटा है।

एडिशनल एसपी ने बताया कि सुमित अग्रवाल ने अभिषेक गुर्जर पर कट्टे से फायर किया था, लेकिन उसे गोली नहीं लगी। इसके बाद फिर से लोड करके दोबारा फायर करने की कोशिश की इस दौरान झूमाझटकी के चलते गोली आरोपी के ही पैर में लग गई।

घटना के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने फरियादी अभिषेक गुर्जर की शिकायत पर आरोपी सुमित अग्रवाल के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज किया है। साथ ही आरोपी सुमित अग्रवाल को हिरासत में लेकर मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा है। एएसपी आरडी प्रजापति ने बताया कि प्रेम प्रसंग को लेकर ये विवाद हुआ है। पुलिस को घटना स्थल पर बिखरा खून और गोली का खाली खोखा मिला है। वायरल वीडियो के अनुसार मंगलवार दोपहर में आरोपी सुमित ने पहले अभिषेक गुर्जर और अर्पित गौर से मारपीट की। उन्हें धकेलता हुआ घर में ले गया। आरोपी सुमित अग्रवाल को शक था है कि अभिषेक गुर्जर उसकी पहचान की लड़की से बात करता है। इसी से नाराज होकर वह मंगलवार दोपहर अपनी सफेद कलर की कार से फरियादी अभिषेक गुर्जर के दोस्त अर्पित गौर के घर आया। वहां आते ही उसने अर्पित और अभिषेक के साथ मारपीट की और सुमित ने यहां दोनों के साथ गली गलौज करते हुए अपनी पेंट के पीछे वाले जेब से कट्टा निकालकर पहला फायर किया जो मिस फायर हुआ तो दोबारा फायर किया। जिसमें वह खुद घायल हो गया।

# बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध होगी सख्त कार्यवाही : कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ▶▶हरदा

ग्रीष्मकालीन मूंग फसल की सिंचाई नहरों के माध्यम से इन दिनों की जा रही है। इस कार्य में विद्युत वितरण कम्पनी और जल संसाधन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने गत दिनों में सराहनीय कार्य किया है, जिसके कारण अंतिम छोर के किसानों के खेतों तक दो बार पानी पहुँचाया जा चुका है। इन दिनों तीसरी सिंचाई का कार्य जारी है। इस कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले शरारती तत्वों की लिखित में शिकायत करें, उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। यह बात कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कही।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि सिंचाई कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले शरारती तत्वों के विरूद्ध शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के संबंध में प्रकरण दर्ज कराया जाएगा। उन्होने कहा कि सिंचाई कार्य में लगे अधिकारी कर्मचारियों को जिला प्रशासन की ओर से उनके कार्य के दौरान पूरा संरक्षण दिया जाएगा। बैठक में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री डी.के. सिंह, अधीक्षण यंत्री विद्युत वितरण कम्पनी अनूप सक्सेना सहित जल संसाधन विभाग व विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### मूंग फसल का निरीक्षण किया

# कृषि विशेषज्ञों ने मूंग उत्पादक किसानों को दी सलाह



**हरदा।** कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. ओ.पी. भारती, कृषि विभाग से सहायक संचालक रामकृष्ण मंडलोई, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सोनल अठनेरे, कृषि विस्तार अधिकारी अनिल मलगायां, गजानंद गुर्जर के संयुक्त दल द्वारा मंगलवार को हरदा विकास खण्ड के ग्राम सोनखेडी में ग्रीष्मकालीन मूंग वर्ष 2024 अन्तर्गत लगाई गई मूंग फसल का निरीक्षण किया गया तथा कृषको को मूंग फसल में लगने वाले कीट-व्याधि एवं रोग के निराकरण के लिए सलाह दी है।

## एसपी कार्यालय में लगी आग, एसपी ने कहा- एसी में शॉर्ट सर्किट से मीटिंग कक्ष में आग लगी

**सीहोर।** जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ऊपरी मंजिल में सोमवार को आग लग गई। जिस वजह से मीटिंग हॉल का फर्नीचर जल गया। जानकारी के अनुसार, जिला मुख्यालय के कस्बा क्षेत्र में स्थित जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दोपहर को दूसरी मंजिल पर आग लग गई। ऑफिस के स्टाफ और लोगों ने धुंआ उठता हुआ देखा तो इसकी सूचना फायर ब्रिगेड टीम को दी इसके बाद थोड़ी ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। मामले में जिला पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी का कहना है कि ऑफिस की ऊपरी मंजिल में जो मीटिंग कक्ष है वहां पर ऐसी में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई।

# पीठासीन अधिकारी की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर

**बुरहानपुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान करने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में खकनार थाना पुलिस ने पीठासीन अधिकारी की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 132 के तहत का केस दर्ज किया गया है। बूथ क्रमांक 294 प्राथमिक शाला भाग उत्तर भाग जामुनिया रैयत के पीठासीन अधिकारी संजय एम वाणे ने खकनार थाने में एक लिखित शिकायत की। जिसमें बताया गया कि मतदान केंद्र क्रमांक 179-294 जामन्या रैयत पर मतदाता कृष्णा सोलंकी पिता कैलाश सोलंकी निवासी जामुनिया द्वारा बूथ पर मतदान करने समय मतदान करने का वीडियो वायरल किया गया है। पुलिस ने धारा 188 भादंवि व पीठासीन अधिकारी के आदेश का उल्लंघन करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 132 के तहत केस दर्ज कर विवेचना में लिया। पीठासीन अधिकारी संजय वाणे ने कहा मैं 13 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान कराने पोलिंग पार्टी के साथ आया था। सुबह 7 बजे से पूरे दिन मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई। इसी बीच मुझे पता चला कि हमारे मतदान केंद्र के मतदाता कृष्णा पिता कैलाश सोलंकी मतदान करने के दौरान अपने मोबाइल फोन से मतदान करते हुए का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। मतदाता कृष्णा सोलंकी की मतदान कक्ष में आने से पहले अच्छी तरह से तलाशी ली गई थी। मोबाइल के संबंध में पूछा था जो नहीं होना पाया था, लेकिन उसके द्वारा कहीं मोबाइल छुपाकर मतदान करने का वीडियो बनाया गया है। इस शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया।

### केंद्रीय विद्यालय नेपानगर का कक्षा 10वीं बोर्ड रिजल्ट

# 10 विद्यार्थियों ने हासिल किए 80 फीसदी से अधिक अंक




**नेपानगर।** सोमवार को सीबीएसई बोर्ड ने कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम जारी किए। हर साल की तरह नगर के केंद्रीय विद्यालय ने इस साल भी शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिया। कक्षा 10वीं में 24 बच्चों ने परीक्षा दी थी सभी अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए जिनमें से 21 बच्चों ने प्रथम श्रेणी हासिल किए। 10 विद्यार्थियों ने 80 फीसदी से अधिक अंक हासिल किए। विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी में कुबेर प्रजापति 95.8, सौम्या कुल्थे 92.6, मीनाक्षी झोपे 91.8 प्रतिशत शामिल है। कक्षा 12 वीं रिजल्ट भी उत्कृष्ट प्रदर्शन केंद्रीय विद्यालय की कक्षा 12वीं के बच्चों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया। विज्ञान संकाय में 16 में से 16 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास की। कॉमर्स के भी 7 बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। 100 फीसदी रिजल्ट के लिए सभी बच्चे, शिक्षक और अभिभावकों का सहयोग सराहनीय रहा। 12 साइंस में सर्वाधिक अंक हासिल करने वाले बच्चे अथर्व शर्मा 88.6, आस्था वानखेड़े 84.2, विवेक सिंह चारण 83.6 प्रतशत। जैनम डागा 91 प्रतिशत, मात्रिका पाराशर 86, साक्षी चौहान 75.8 प्रतिशत रहे। प्राचार्य ओमलाल ब्रह्मचारी ने सभी विद्यार्थियों को फोन कर बधाई दी। वर्तमान प्राचार्य कई केंद्रीय विद्यालयों में पदस्थ रहे है और 100 प्रतिशत रिजल्ट देते आ रहे हैं।

### अव्यस्थित वाहन पार्किंग से आवागमन अवरुद्ध

# बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण नहीं करने की ग्राम पंचायत ने कराई मुनादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶रहटगांव



बाजार क्षेत्र में अव्यस्थित वाहन पार्किंग से आवागमन अवरुद्ध हो रहा है। वहीं बाजार क्षेत्र के शौचालय जाने में भी महिलाओं एवं ग्रामीण जनों को परेशानी होती है।

जिसको देखते हुए ग्राम पंचायत द्वारा मंगलवार को मुनादी करवाई गई। जिसमें ग्राम पंचायत द्वारा बताया गया कि जिन दुकानदारों का आवंटन से अधिक कब्जा है वे स्वयं कब्जा हटा लें अन्यथा पंचायत द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। जिसके जवाबदार दुकानदार स्वयं होंगे। जानकारी के मुताबिक बाजार क्षेत्र में अनेक जगह आवंटन से डबल कब्जा कर व्यवसाय कर रहे हैं। जिससे मार्ग अवरूद्ध हो रहा है। वही इस संबंध में व्यापारी संघ अध्यक्ष द्वारा अतिक्रमण हटाने को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था। ग्राम पंचायत सरपंच सुमत्रा सुरज रंगीले ने बताया की ग्राम पंचायत द्वारा विगत महिनों में बस स्टैंड सहित सब्जी बाजार में मुख्य मार्ग से लगी हुई अव्यवस्थित अस्थाई दुकानों को व्यवस्थित करके मार्ग चौड़ा किया था लेकिन पुनः अतिक्रमण हो रहा है। जिसको लेकर मुनादी कराई है।

# एसपी ने की ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶हरदा




जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग हरदा द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर आयोजन से की तैयारी की समीक्षा मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष मे आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने की।

जिला खेल अधिकारी ने बताया कि खेल विभाग द्वारा हरदा मुख्यालय पर खो खो, कबड्डी, फुटबाल, हैंडबाल, वालीबल, कराते टिमरनी विकासखंड में खो खो, कबड्डी एवं मलखम्ब खिरकिया विकास खंड पर खो खो, एथलेटिक्स एवं कराते का प्रशिक्षण शिविर प्रातः 6 बजे से 7:30 एवं शाम 5 :30बजे से 7 बजे तक, खेल शिविर 15 मई से 15 जून तक संचलित होंगे।

खेल प्रशिक्षण शिविर में खेल कौशल के साथ साथ खेल वार प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बैठक में जिला खेल अधिकारी उमा पटेल, क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग रामनिवास जाट, भीम सिंह विषैला, हाकी कोच दीप सिंह और खेल संघों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सर्व ब्राह्मण समाज के नेतृत्व में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

# भगवान परशुराम जयंती के जयकारों से गूंजा शहर चल समारोह का नगर में जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर



भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव के अंतर्गत रविवार को भव्य चल समारोह के साथ मनाया गया। इस मौके पर छावनी में भव्य शोभायात्रा निकली। शहर में भगवान परशुराम के जयकारों से गूंज उठा। चल समारोह को लेकर क्षेत्र को बैनर-पोस्टर और तोरण गेट से आकर्षक रूप से सजाया गया था जहां विप्रजनों का पुष्पवर्षा का स्वागत अभिनंदन किया। प्रसिद्ध डमरू दल और घंटा बाजा के साथ जयपुर-खिलचीपुर के बैंडबाजे के अलावा छिंदवाड़ा की ढोल पार्टी के साथ मनमोहक झांकिया निकली। सर्व ब्राह्मण समाज के नेतृत्व में भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

इस मौके पर तीन क्विंटल से अधिक फूलों से विप्रजनों का स्वागत किया गया था, इसके अलावा स्थान-स्थान पर शहर के सभी समाजजन, संगठन, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने स्टाल लगाकर ठंडाई आदि का वितरण किया। इस मौके पर विठलेश सेवा समिति के तत्वाधान में चल समारोह में शामिल हुए समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, चल समारोह समिति के अध्यक्ष आशुषोत शर्मा मौनी, महिला मंडल की अध्यक्ष नीलम शर्मा, युवा अध्यक्ष नयन जोशी, मनोहर शर्मा का समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला, जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, पंडित कुणाल व्यास आदि ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सर्व ब्राह्मण समाज के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि चल समारोह में भगवान हनुमान और भगवान परशुराम की झांकी के अलावा एक दर्जन से अधिक कथा वाचक शामिल थे। जिन्होंने कहा कि भगवान श्री परशुराम त्याग और तपस्या के बल पर मौजूद है।

समाज को हमेशा की तरह राष्ट्र निर्माण तथा जीवन की आचरण संहिता के पालन में अपनी भूमिका का निर्वहन करना है। कर्म हमारी छाया है जो हमारे साथ चलती है और अंत में उसका प्रतिफल हमें अवश्य मिलता है, आप सभी सदा संगठित रहें तथा राष्ट्र एवं धर्म के लिए सदैव समर्पित रहें। चल समारोह के उपरांत शहर के बाल विहार मैदान पर करीब आठ हजार से अधिक विप्रजनों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर चल समारोह में धर्मशाला ट्रस्ट अध्यक्ष मनोहर शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप व्यास, महिला मंडल अध्यक्ष नीलम शर्मा, चल समारोह अध्यक्ष आशुतोष शर्मा मौनी, महिल अध्यक्ष चल समारोह शोभा शर्मा, महामंत्री रमाकांत समाधिया, चल समारोह संयोजक राजेन्द्र शर्मा कल्लू, प्रभारी प्रवीण तिवारी, समाज के सचिव जितेन्द्र तिवारी, युवा संगठन अध्यक्ष नयन जोशी, कोषाध्यक्ष रुपेश तिवारी, राकेश शर्मा, सह संयोजक राजेश मोहन शर्मा, नवीन मिश्रा, भोजन व्यवस्था प्रभारी चंद्रमोहन शर्मा, मुरली शर्मा, चल समारोह सह प्रभारी योगेश श्रोत्रिय, नवनीत उपाध्याय, खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रभारी महेन्द्र शर्मा, राकेश शर्मा, प्रचार-प्रसार दीपक पुरोहित, सुनील शर्मा, सतीश भार्गव, नितिन उपाध्याय, महामंत्री युवा संगठन ऋषि पाराशर, पूजन व्यवस्था प्रभारी अशेक पाराशर आदि शामिल थे।

### शोकाकुल परिजनों को दी सांत्वना

# स्व. वेस्ता पटेल को आर्य ने श्रद्धांजलि अर्पित की



**झिरन्या।** राष्ट्रीय आदिवासी आयोग अध्यक्ष (केद्रीय मंत्री का दर्जा प्राप्त) एवं पूर्व केबिनेट मंत्री मप्र शासन अंतरसिग आर्य मंगलवार को ग्राम बारदेवला पहुंचे। वहां उन्होंने जनपद अध्यक्ष के पूर्व स्व. वेस्ता पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका पिछले दिनों असामयिक निधन हो गया था। आर्य ने शोकाकुल परिवार के सदस्यों से मुलाक़ात कर उन्हें सांत्वना दी। उनकी धर्मपत्नी और पुत्रों में शिवलाल, रेशम, जयंतीलाल एवं कांतीलाल को कहा कि इस दुःख की घड़ी में भाजपा परिवार उनके साथ है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी ने एक प्रदेश स्तरीय नेता को खो दिया है। इस दौरान भाजपा नेताओं में धूलसिंह डाबर, नंदा ब्राह्मणे, तेरसिंह नार्वे, चंदरसिंह वास्कले, दुलीचंद बांके, सरदारसिंह रावत, सुंदरलाल बारसे, डा.बृजेश शर्मा, डॉ.भीमसिंह जाधव आदि उपस्थित थे।